बेकाबू डम्पर ने बाइक को टक्कर मारी, पत्नी की मौत, पति जख्मी

नवभारत न्यूज
मुरैना, 8 जुलाई । एनएच-44 हाईवे पर मंगलवार की शाम करीब साढ़े चार बजे गंगापुर हनुमान मंदिर के पास एक बेकाबू डंपर ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मारी। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति जख्मी हो गया। हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने हाईवे पर चक्काजाम कर

गुस्साए लोगों ने एनएच-44 हाईवे पर किया चक्काजाम

दिया। जिसकी वजह से हाईवे पर एक लेन का यातायात करीब दो घंटे अवरुद्ध रहा।

जानकारी के अनुसार मूलत: पोरसा क्षेत्र के मानधाता का पुरा निवासी यदुवीर सिंह तोमर (59)

बीते कुछ सालों से अपने परिवार के साथ मुरैना शहर के रामनगर इलाके में रह रहे है। सोमवार को यदुवीर अपनी पत्नी कुसुमा देवी (56) के साथ यूपी के आगरा जिले की सैंया तहसील के अंतर्गत रहने वाली अपनी बहन के घर गए थे। मंगलवार को दोनों यदुवीर और कुसुमा बाइक पर सवार होकर सैंया से मुरैना आ रहे थे। इसी दौरान जब वे एनएच-44 हाईवे पर गंगापुर हनुमान मंदिर के पास से गुजर रहे थे। पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार कुसुमा देवी की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि यदुवीर जख्मी हो गए। हादसे के बाद मौके पर जुटे लोगों ने हाईवे को जाम कर दिया। सूचना मिलने के बाद सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक दर्शन शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुस्साए लोगों को समझा-बुझाकर चक्काजाम को खुलवाया जा सका। मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध नहीं किया था।

सामुदायिक भवन के निर्माण को जमीन आवंटित की जाए

नवभारत न्यूज
मुरैना/पोरसा, 8 जुलाई । कस्बा पोरसा में बाल्मीक समाज के सामुदायिक भवन के निर्माण के

बाल्मीक समाज के गद्दी महंत ने कलेक्टर से पत्र लिखकर की मांग

लिए जमीन का आवंटन किए जाने की मांग समाज के गद्दी महंत रमेश कुमार ने कलेक्टर मुरैना अंकित अस्थाना से की है।

मांग को लेकर गद्दी महंत रमेश कुमार द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखा गया है। इस पत्र में उन्होंने लिखा है कि पूर्व में सामुदायिक भवन के लिए नगर के वार्ड-14 में भूमि का आवंटन किया गया था। आवंटित भूमि का सर्वे करने जब टीम पहुंचीं तो उस क्षेत्र में रहने वाले लोगों द्वारा विरोध प्रकट करते हुए वहां निर्माण न करने की चेतावनी दी थी। पत्र में महंत रमेश कुमार ने सामुदायिक भवन के लिए कस्बे के वार्ड-9 रामनगर में पंप नंबर-89 के पास रिक्त पड़ी शासकीय भूमि को आवंटित किए जाने का आग्रह किया है।

हाथठेला चालकों से अवैध वसूली, यात्री वाहनों से ले रहे 100 रुपए

नवभारत न्यूज
मुरैना, 8 जुलाई । नगरपालिका सबलगढ़ द्वारा पथकर वसूली का ठेका दिए जाने के बाद अधिकारियों की मॉनीटरिंग न होने से ठेकेदार के गुर्गों द्वारा निर्धारित शुल्क के बजाय मनमानी करते

भाजयुमो महामंत्री के आरोपी, एसडीएम सबलगढ़ को दिया ज्ञापन

हुए हाथठेला चालकों से दोगुनी राशि वसूली जा रही है। वहीं नगरीय सीमा से होकर गुजरने वाले यात्री एवं माल वाहनों से 100 रूपये से लेकर 500 रूपये तक वसूले जा रहे है।

यह बात भाजपा युवा मोर्चा के



जिला महामंत्री अभिषेक उर्फ लाला जादौन ने मंगलवार को एसडीएम सबलगढ़ के नाम दिए गए ज्ञापन में कही है।

इस ज्ञापन में कहा गया है कि नगरपालिका परिषद सबलगढ़ द्वारा पथकर-हाथठेला चालकों से वसूली के लिए बुलाई गई निविदा में वसूली की दरें निर्धारित नहीं की

गई थी। यही नहीं निविदा में नगरीय सीमा से होकर गुजरने वाले यात्री एवं माल वाहनों से भी शुल्क वसूली किए जाने के बारे में उल्लेख नहीं किया गया था। जिसकी वजह से ठेकेदार के गुर्गों द्वारा हाथठेला चालकों से प्रतिदिन 20 से लेकर 30 रूपये तक वसूले जा रहे है। तो वहीं यात्री बसों सहित माल वाहनों से 100 रूपये से लेकर 500 रूपये तक की वसूली की जा रही है। ठेकेदार के गुर्गों ने वसूली के लिए नियमों को ताक पर रखते हुए पुलिस थाने के नजदीक एमएस रोड पर चुंगी नाका लगा दिया है। युमो महामंत्री श्री जादौन ने एसडीएम से अवैध वसूली करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

संयुक्त आयुक्त ने 7 आवेदकों की समस्याएं सुनी

मुरैना, 8 जुलाई । चम्बल भवन मुरैना में ग्वालियर-चम्बल संभाग के कमिश्नर मनोज खत्री के निर्देशन में संयुक्त आयुक्त विकास भगवान सिंह जाटव ने 08 जुलाई को जनसुनवाई के दौरान 7 आवेदकों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान कुछ शिकायतें ऐसी पाई गई, जिनका निराकरण तत्काल संभव नहीं था। जिसके लिये संयुक्त आयुक्त विकास श्री जाटव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, भूमि विवाद, नामांतरण, बटवारा, अतिक्रमण से संबंधित शिकायतें पाई गईं थीं।

हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली ने राहगीर को टक्कर मारी, मौके पर मौत

नवभारत न्यूज
मुरैना, 8 जुलाई । एनएच-44 हाईवे पर रोड क्रॉस कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार ट्रेक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। युवक की

सिविल लाईन क्षेत्र में गुप्ता रिफाइनरी के सामने हुआ हादसा

मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सिविल लाईन थाना क्षेत्र में गुप्ता रिफाइनरी के सामने मंगलवार की दोपहर हुआ।

जानकारी के अनुसार हिंगौनाकलां गांव निवासी

सिरनाम सिंह कुशवाह 40 पुत्र पहाड़ सिंह कुशवाह मंगलवार की दोपहर एनएच-44 हाईवे पर गुप्ता रिफाइनरी के सामने रोड क्रॉस कर रहा था। तभी मुरैना की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेक्टर-ट्रॉली ने उसे टक्कर मार दी। जख्मी हालत में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

कोचिंग पढ़कर घर जा रहे 12 वीं के छात्र की मारपीट

नवभारत न्यूज
मुरैना, 8 जुलाई । कोचिंग पढ़ने के बाद घर जा रहे 12 वीं कक्षा के एक छात्र की आधा दर्जन से अधिक युवकों ने घेरकर लात-घूंसों से मारपीट कर डाली। जिससे छात्र को चोटें आईं है। घटना मंगलवार की सुबह शहर के जीवाजीगंज क्षेत्र में प्यारा होटल के पास हुई।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गणेशपुरा इलाके की चौबे वाली गली में रहने वाला 12 वीं कक्षा का छात्र संस्कार डण्डौतिया 16 पुत्र कुलदीप डण्डौतिया मंगलवार की सुबह जीवाजीगंज में अरुण सर की कोचिंग पर केमिस्ट्री की क्लास लेने के बाद घर लौट रहा था। इसी दौरान प्यारा होटल के पास

जीवाजीगंज क्षेत्र में प्यारा होटल के पास हुई घटना

आधा दर्जन से अधिक युवकों ने उसे घेर लिया और गालियां देते हुए लात-घूंसों से मारपीट कर डाली। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप करने पर युवक एक बाइक को वहां छोड़कर भाग निकले। जिसे कोतवाली पुलिस ने जब्त कर लिया है। हमले में छात्र संस्कार को चोटें आईं है। समाचार लिखे जाने तक कोतवाली पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

पोरसा नगर में आज 6 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

मुरैना/पोरसा, 8 जुलाई । पोरसा नगर में आज 9 जुलाई को 33 केवी पोरसा केन्द्र पर विद्युत संधारण कार्य के चलते सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी के एई इन्द्रेश्वर सिंह ने बताया कि सप्लाई बंद रहने से पूरे पोरसा नगर के साथ अंबाह रोड, अटेर रोड, भिंड रोड, खंडा रोड, जौटई रोड, किर्रायच रोड, धनेटा रोड, सिटी नंबर-1, 2 एवं 3 फीडर से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत कटौती के समय को आवश्यकता अनुसार घटाया और बढ़ाया जा सकता है।

ईंटभट्टा मजदूर से मारपीट कर 15 हजार एवं मोबाइल लूटा

नवभारत न्यूज
मुरैना, 8 जुलाई । नैपरी कैलारस में ईंटभट्टा पर मजदूरी करने वाले एक युवक की मारपीट कर चार अज्ञात बदमाश 15 हजार रूपये

सोमवार की देर शाम बैरियर क्षेत्र में हुई घटना

नकदी समेत मोबाइल फोन लूटकर ले गए। घटना सोमवार की देर शाम को बैरियर क्षेत्र में बस स्टैंड के पास होना बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश

के बांदा जिले का रहने वाला लालू जाटव 18 पुत्र अरचतिया जाटव कैलारस के नैपरी में स्थित कान्हा ईंटभट्टा पर मजदूरी का काम करता है। बीते कुछ दिनों से लालू की तबियत खराब चल रही थी। जिसकी वजह से वो छुट्टी लेकर अपने घर जाने को निकला था। इसी दौरान जब लालू बांदा जाने के लिए मुरैना के बैरियर क्षेत्र पहुंचा था। बस के आने से पहले लालू खाना खाने के लिए होटल पर चला गया था। खाना खाने के बाद जब वो बस स्टैंड की ओर जा रहा था। तभी 4 अज्ञात बदमाशों ने उसे घेर लिया और मारपीट करने के बाद उसकी जेब में रखे 15 हजार रूपये नकदी सहित मोबाइल फोन को छीनकर ले गए। पीड़ित मजदूर लालू ने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

एक नजर में

रोजगार मेले में अंबाह-पोरसा के 54 युवाओं का हुआ चयन

मुरैना, 8 जुलाई । अम्बाह-पोरसा के संयुक्त रोजगार मेले का आयोजन

कार्यालय प्रेरणा आजीविका संकुल स्तरीय संगठन बड़फरा, पुरानी तहसील चम्बल कॉलोनी पोरसा रोड अम्बाह में मंगलवार को हुआ। रोजगार मेले में बेरोजगार युवा एवं युवतियों को प्राइवेट लिमिटेड कम्पनियों में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इस रोजगार मेले में युवक एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रोजगार मेले में 150 युवाओं ने पंजीयन कराया था। जिनमें से 54 युवाओं का चयन हुआ है। यह रोजगार मेला कलेक्टर के निर्देशन और जिपं सीईओ कमलेश भार्गव के नेतृत्व में आयोजित हुआ। मेले में जनपद अंबाह के सीईओ देवेन्द्र जैन, जिला परियोजना प्रबंधक दिनेश सिंह तोमर, ब्लॉक प्रबंधक दिवाकर शर्मा, सहायक ब्लॉक प्रबंधक दुष्यंत शाक्य उपस्थित थे। मेले में एसआईएस सिक्योरिटी प्रायवेट लिमिटेड के सोनू शर्मा, लाइफ इंश्योरेंस कंपनी इंडिया की श्रीमती कीर्ति मीणा, आनन्द सिंह, स्वप्निल सक्सैना, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ग्रेटर नोएडा से विकास ईश्वर और एमआरएफ टायर प्राइवेट लिमिटेड के अमन शर्मा ने भर्ती अधिकारी के रूप में युवाओं को कंपनियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें आयु, योग्यता, वेतन आदि प्रमुख बिंदु थे। मेले में चयनित युवाओं का प्रशिक्षण उपरांत प्लेसमेंट किया जायेगा।

बाइक से गिरकर जख्मी हुए वृद्ध की मौत, मर्ग कायम

मुरैना। पोरसा थाना क्षेत्र में विगत 22 जून को बाइक से गिरने के कारण दयाल सिंह 72 पुत्र पानसिंह नि. बरका पुरा बुरी तरह जख्मी हो गया था। उसे जेएएच ग्वालियर में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

नगरा में युवक के साथ मारपीट का मामला दर्ज

मुरैना। नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम रोरियापुरा निवासी प्रमोद 40 पुत्र सुल्तान सिंह तोमर की 7 जुलाई को सूरज तोमर, विकास तोमर, पिंटू तोमर, आशीष तोमर नि. इन्नीखेरा ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर डाली। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

रोजगार मेलों का आयोजन आज

मुरैना, 8 जुलाई । जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव के मार्गदर्शन में रोजगार मेले का आयोजन 8 जुलाई से 11 जुलाई तक अलग-अलग विकासखण्डों में किया जाएगा। यह रोजगार मेले प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। जिनमें कैलारस और पहाड़गढ़ का रोजगार मेला जनपद पंचायत कैलारस के हॉल में 9 जुलाई को सुबह 10 से सायं 04 बजे आयोजित होगा। अधिक जानकारी के लिए विकासखण्ड प्रबंधक सुरजीत सिंह चौहान 9349901364 और किशोरीलाल 6232045474 पर संपर्क किया जा सकता है।

जनसुनवाई : जिपं सीईओ ने 125 लोगों की सुनी समस्याएं

नवभारत न्यूज
मुरैना, 8 जुलाई । जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय पर कलेक्टर के निर्देशन में मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने आमजन की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान सीईओ श्री भार्गव को 125 लोगों ने लिखित आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिनमें से एक आवेदन ऐसा था, जिसका समाधान टीएल बैठक में संभव था। उसे ई-गवर्नेंस के माध्यम से उत्तरा पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये।

जनुसनवाई में विवेकानंद

कॉलोनी मुरैना के बलराम पुत्र छोटेलाल कुशवाह ने हर्निया का ऑपरेशन कराने के लिए बीपीएल कार्ड बनवाने की मांग को लेकर आग्रह किया था। सीईओ ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश देते हुए उपचार का लाभ दिए जाने की बात कही। जनसुनवाई के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, बीपीएल, सामाजिक न्याय, दिव्यांगता, श्रम, उद्योग, वन, नगरनिगम के अलावा नगरीय निकाय के अंतर्गत साफ-सफाई, अतिक्रमण संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद सहित संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम मुरैना, तहसीलदार एवं समस्त जिलाधिकारी उपस्थित थे।

31 क्वार्टर शराब व बीयर के साथ दो युवक गिरफ्तार

मुरैना, 8 जुलाई । टेंटरा थाना पुलिस ने 7 जुलाई को बाबड़ीपुरा गांव के आमरास्ते से विजय सिंह तोमर पुत्र रामौतार सिंह तोमर नि. बाबड़ीपुरा को गिरफ्तार किया। उसके पास से देशी शराब के 20 क्वार्टर जब्त किए गए। अंबाह पुलिस ने सत्यवीर पुत्र नारायण राठौर नि. जग्गा रोड अंबाह को 11 क्वार्टर देशी शराब और बियर की 9 कैन के साथ पकड़ा। आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों की पुलिस ने आबकारी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिए है।

सफाई व्यवस्था को देखने महापौर ने किया शहर का भ्रमण

नवभारत न्यूज
मुरैना, 8 जुलाई । नगर निगम क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर शहर के स्वच्छ बनाने के लिए महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी अब रोजाना सुबह नगर का भ्रमण करेंगी। इसी क्रम में मंगलवार को महापौर श्रीमती सोलंकी ने नगर निगम के वार्ड-16 एवं वार्ड 23 का भ्रमण किया।

मंगलवार को वार्ड 16 एवं 23 के भ्रमण के दौरान महापौर ने ट्रंच रोड, गोपीनाथ की पुलिया और

सदर बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में पहुंचकर साफ-सफाई के इंतजाम देखे। इस दौरान उनके साथ पार्षद युवराज डण्डौतिया, ममता गर्ग, भाजपा नेता गोविंद उपाध्याय भी थे। भ्रमण के दौरान महापौर ने नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अंकित द्विवेदी को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। उन्होंने जगह-जगह लगे कचरे के ढेरों को तत्काल साफ करने और बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए नालियों की सफाई प्रतिदिन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कचरे के ढेर मिलने पर संबंधित सेनेट्री इंस्पेक्टर और दरोगा के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान महापौर के साथ डिप्टी कमिश्नर लालसिंह डोडिया, केशव सिंह, ऋषिकेश शर्मा सहित नगर निगम के कर्मचारीगण मौजूद थे।

बाजार बैठक वसूली एवं पथकर के विरोध में एसडीएम को दिया ज्ञापन

सबलगढ़, 8 जुलाई । -सबलगढ़ नगरपालिका द्वारा शहर में बाजार बैठक एवं अस्थाई दखल एवं नेशनल हाईवे 552 पर हो रही अवैध वसूली के विरोध में आज एक ज्ञापन एस डी एम अरविंद माहौर को जन सुनवाई में दिया गया। विदित है कि अभी कुछ दिन पहले नगर पालिका द्वारा सबलगढ़ शहर में अस्थाई

दखल ओर बाजार बैठक वसूली का ठेका गोवर्धन कॉन्ट्रैक्शन कंपनी को 8 लाख 51हजार रुपए में दिया गया था टेंडर देते समय नगर पालिका द्वारा उसमें वसूली की रेट नहीं खोली गई थी अभी बाजार बैठक ओर अस्थाई दखल की वसूली नगरपालिका स्वयं कर रही थी प्रत्येक हाथ ठेले वाले और रेहड़ी वालों से पांच रुपए प्रतिदिन कर लिया जाता था नगर पालिका द्वारा जिस ठेकेदार को यह वसूली का ठेका दिया गया है वह 20 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से वसूली कर रहा है जिसका विरोध हो रहा है इसी तरह नेशनल हाईवे 552 पर पथ कर के चुंगी नाके पर भी 50 रुपए के बदले दो सौ रुपए लिए जा रहे हैं जबकि नगर पालिका द्वारा पथ कर का अभी तक ठेका नहीं दिया गया है और बाहरी व्यक्ति चुंगी नाके पर बैठकर अवैध रूप से वसूली कर रहे हैं।

दिमनी में मां-बेटी के साथ मारपीट का केस दर्ज

मुरैना, 8 जुलाई । दिमनी क्षेत्र के ग्राम श्यामपुरखुर्द निवासी सीतादेवी 40 पत्नी सुरेन्द्र सिंह कुशवाह और उसकी पुत्री राखी की 7 जुलाई को राकेश पुत्र अर्जुन सिंह कुशवाह ने गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

आम सूचना

श्री रामलखन शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम महाराजपुर, तहसील जौरा एवं जिला मुरैना (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.960 ग्राम महाराजपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में- रास्ता 15 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूमि स्वामी, उत्तर में-भूखण्ड श्री अनिल पचौरी एवं दक्षिण में-भूमि स्वामी है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री मोतीराम, श्री रामजीलाल, श्री मुरारीलाल एवं श्री शिवराम पुत्रगण श्री विद्याराम शर्मा के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री शिवराम द्वारा उक्त सम्पति श्री रामलखन शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण शर्मा को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.5455 दिनांक 18.02.2013 से विक्रय की गई। श्री रामलखन शर्मा द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामवीर सिंह पुत्र श्री विष्णु गुर्जर एवं श्रीमती कमलेश पत्नी श्री रामवीर सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 43 (राजगुरु भोड़ेरी वार्ड) ग्राम पंचायत भोड़ेरी की सम्पूर्ण आबादी, पी.एम.जी.एस.वाय. मार्ग से हटकर, ग्राम भोड़ेरी तहसील मुरैना नगर व जिला मुरैना के सर्वे क्रमांक 1120 की होकर जिसकी चतुर्सीमा:- पूर्व में- खेत फूल सिंह, पश्चिम में- आम रास्ता, उत्तर में- भूखंड रामवीर, दक्षिण में- भवन संजय की होकर कुल क्षेत्रफल 1920 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्री फूल सिंह पुत्र श्री बलवंत सिंह एवं श्री मुन्ना पुत्र श्री कोक सिंह के स्वत्व, स्वामित्व एवं संयुक्त आधिपत्य की थी। जिसमें श्री मुन्ना पुत्र श्री कोक सिंह के देहांत पश्चात उनके हिस्से के भाग को श्रीमती मीना पत्नी श्री मुन्ना, मंगेश, कॉमेश, रेखा, नीतू, रूबी (पुत्रियाँ), जितेंद्र, गिर्राज (पुत्रगण) के नाम पर कानूनी वारिस के रूप में हस्तांतरण हुई जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों मे विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात केवल श्रीमती मीना पत्नी स्व: श्री मुन्ना, मंगेश, कॉमेश, रेखा, नीतू, रूबी पुत्रियाँ स्व. श्री मुन्ना), जितेंद्र, गिर्राज पुत्रगण स्व. श्री मुन्ना द्वारा बलवीर सिंह गुर्जर, रामवीर सिंह एवं संजय गुर्जर पुत्रगण श्री विष्णु सिंह गुर्जर को पंजीकृत विक्रय विलेख दस्तावेज क्र. MP25792021A11001398 एवं दिनांक 29.12.2021 से विक्रय की गई। तत्पश्चात केवल रामवीर सिंह पुत्र श्री विष्णु सिंह गुर्जर द्वारा श्रीमती कमलेश पत्नी श्री रामवीर सिंह गुर्जर को पंजीकृत स्वामित्व विलेख दस्तावेज क्र. MP27IGR17912025A100127285 एवं दिनांक 01.03.2025 से समान भाग में हस्तांतरण की गई। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है, इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। दिनांक 08.07.2025

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987